मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 90
शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## 2027 तक ठोस कचरे से होगा सड़क निर्माण, बदलेगा भारतः नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि 2027 के अंत तक भारत में सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण के लिए किया जाएगा। गुरुवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र में बोलते हुए, गडकरी ने बताया कि 80 लाख टन कचरे को पहले ही अलग करके सड़क निर्माण परियोजनाओं में उपयोग के लिए चिह्नित किया जा चुका है।

गडकरी ने कहा कि कोई भी सामग्री बेकार नहीं है और न ही कोई व्यक्ति बेकार है। सही तकनीक और नेतृत्व के साथ, हम कचरे को धन में बदल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2027 तक, हमारी योजना सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण के लिए करने की है। उन्होंने दिल्ली में कचरे के भद्दे पहाड़ों की ओर भी इशारा किया और कहा, हम पहले ही 80 लाख टन कचरे को अलग कर चुके हैं और इसका उपयोग सड़कें बनाने में कर रहे हैं।



मंत्री ने जैव ईंधन और इथेनॉल आधारित ईंधन के क्षेत्र में सरकार की पहल की भी प्रशंसा की और कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग अगले पाँच वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन जाएगा। वर्तमान में, भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र 22 लाख करोड़ रुपये (2.2 ट्रिलियन रुपये) के बाजार आकार के साथ, अमेरिका और चीन के बाद, वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। गडकरी ने कहा कि 2014 में, भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग 14 लाख करोड़ रुपये (1.4 ट्रिलियन रुपये) का था और वैश्विक स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा उद्योग था। हाल ही में, हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे सबसे बड़े उद्योग बन गए हैं। अब, वैकल्पिक ईंधनों–जैव ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहन, इथेनॉल, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और हाइड्रोजन–में नवाचारों के साथ, हम भारत को ऑटोमोबाइल उद्योग में विश्व में अग्रणी बना रहे हैं।

## तमिलनाडु विधानसभा गाजा पर इजराइल के हमलों की निंदा करने वाला प्रस्ताव पारित करेगी : स्टालिन

**तमिलनाडु , 09 अक्टूबर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को यहां कहा कि राज्य की विधानसभा गाजा पर इजराइली हमलों की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव पारित करेगी और तत्काल युद्धविराम की मांग करेगी तथा केंद्र से इस संबंध में उचित कदम उठाने का अनुरोध भी करेगी।

स्टालिन ने मांग की कि केंद्र सरकार गाजा में नरसंहार रोकने के लिए इजराइल पर दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर को विधानसभा की बैठक शुरू होने के बाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा। स्टालिन ने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को इजराइल और उसका साथ दे रहे देशों पर दबाव बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि नरसंहार को रोका जा सके।



वह गाजा में नरसंहार की निंदा करने के लिए यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा आयोजित एक सर्वदलीय विरोध सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे अंधाधुंध हमले हम सभी के दिलों को झकझोर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि माकपा का विरोध प्रदर्शन मानवीय मूल्य वाले लोगों को एकजुट करने का प्रयास है, ताकि सत्तारूढ़ ताकतों से उन हमलों को रोकने का आग्रह किया जा सके जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन करते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने हाल के सप्ताहों में गाजा में हुई हत्याओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपना रुख व्यक्त किया है। उन्होंने आठ सितंबर को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि गाजा में जो कुछ हो रहा है, उससे वह इतने विचलित हैं कि शब्दों में बयां नहीं कर सकते। उन्होंने कहा था कि जब निर्दोष लोगों की जान इस तरह जा रही हो, तो चुप रहना कोई विकल्प नहीं है। माकपा ने भारत सरकार से इजराइल के साथ सभी व्यापार समझौते रद्द करने की भी अपील की थी।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को बताया 'समय की मांग' : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली, 09 अक्टूबर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा की पुरजोर वकालत की और इसे समय की माँग बताया। चौहान ने जोर देकर कहा कि बार-बार चुनाव देश के विकास में बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह समय की माँग है। बार-बार चुनाव अक्सर देश के विकास में बाधा बनते हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन लाया जाना चाहिए।



इस बीच, न्यूयॉर्क में, सांसद और एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के पहले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और 8 अक्टूबर, 2025 को तीसरी समिति में आम बहस के दौरान एक प्रभावशाली राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में, चौधरी ने पाकिस्तान के दमन और दुष्प्रचार के इतिहास की तीखी आलोचना की और उसकी विभाजनकारी नीतियों पर प्रकाश डाला। विकसित भारत - 2047 तक विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, चौधरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत वैश्विक दक्षिण और संयुक्त राष्ट्र का एक अटूट साझेदार बना हुआ है, जो पाकिस्तान के दृष्टिकोण के बिल्कुल विपरीत है।

उन्होंने कहा, भारत विकसित भारत - 2047 तक विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पाकिस्तान की विभाजनकारी और दमनकारी नीतियों के बिल्कुल विपरीत, वैश्विक दक्षिण और संयुक्त राष्ट्र का एक विश्वसनीय साझेदार बना रहेगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक दिसंबर 2024 में संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था। लोकसभा ने 12 अगस्त को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक' पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

## पंजाब में खेल क्रांति, केजरीवाल ने 3100 गांवों में रखे खेल मैदानों के आधार

**पंजाब, 09 अक्टूबर।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पंजाब के 3,100 गाँवों में खेल के मैदानों की आधारशिला रखी और दावा किया कि आजादी के बाद से किसी भी सरकार ने ऐसा नहीं किया। बठिंडा में एक सभा को संबोधित करते हुए, केजरीवाल ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आजादी के बाद से अब तक किसी भी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए गाँवों में खेल के मैदान नहीं बनवाए हैं। 3100 गाँवों में वॉलीबॉल, हॉकी, क्रिकेट और अन्य खेलों के लिए खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि आप युवा क्लब के सदस्यों को इन खेल के मैदानों के निर्माण की



देखरेख करनी होगी और खेल उपकरणों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी, जो राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएँगे। केजरीवाल ने पंजाब में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई का भी ज़िक्र किया और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पुनर्वास के लिए सहायता का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम पंजाब में नशा बेचने वाले सभी नशा तस्करों को सलाखों के पीछे डालेंगे। उन्होंने पंजाब के युवाओं से नशा छोड़ने और स्वास्थ्य एवं खेलों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

आप प्रमुख ने नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और युवाओं के लिए 55,000 सरकारी नौकरियों के प्रावधान का भी ज़िक्र किया, और इसकी तुलना पहले योग्यता-आधारित रोजगार के अवसरों की कमी से की। बेरोजगारी के मुद्दे पर, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार ने उम्मीदवारों से कोई रिश्वत लिए बिना, लोगों के लिए 55,000 सरकारी नौकरियाँ सृजित की हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार ने योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरियाँ दी हैं।

हाल ही में, अमृतसर पुलिस ने भारत-पाक सीमा पार से मादक पदार्थों की खेप भेजने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक किशोर को हिरासत में लिया। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि ड्रोन के जरिए तस्करी करके लाई गईं 12 नई .30 बोर की पिस्तौलें और 1.5 किलो हेरोइन जब्त की गई, जिससे पाकिस्तान स्थित तस्करों और यूरोप स्थित संचालकों के बीच संबंधों का खुलासा हुआ।

## विरार में एक ही परिवार के तीन सदस्यों पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार में इस सप्ताह की शुरूआत में एक ही परिवार के तीन सदस्यों पर हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संदीप डोईफोडे ने संवाददाताओं को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति छह अक्टूबर को नेत्र जगन्नाथ गोवारी (52), उनके पिता जगन्नाथ गोविंद गोवारी (76) और मां लीला जगन्नाथ गोवारी (72) अनार्ला के बंदरपाड़ा स्थित उनके घर में घुस आया और उन पर दरांती से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। डीसीपी ने कहा, यद्यपि अनार्ला थाने में मामला दर्ज किया गया था, (लेकिन) विरार की अपराध शाखा इकाई-तीन द्वारा समानांतर जांच शुरू की गई थी।

## बच्चों की मौत पर सरकार सख्तः मोहन यादव बोले- लापरवाही बर्दाश्त नहीं, बख्शेंगे नहीं

**भोपाल, 09 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश में 20 बच्चों की मौत से जुड़ी कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स कंपनी के मालिक की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी आरोपी को नहीं बख्शेगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई मौतों की घटना में, हमने एक एसआईटी गठित की थी जिसने दवा निमार्ता कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया था। हमारी सरकार आरोपियों को नहीं बख्शेगी, चाहे वह कोई भी हो, और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मोहन यादव ने आगे कहा कि हम किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं करेंगे, या अगर कोई कुप्रबंधन या लापरवाही पाई जाती है, तो हमारी सरकार उसी तरह कड़ी कार्रवाई करेगी। एसआईटी के गठन के समय मैंने कहा था और अब फिर दोहरा रहा हूँ कि हम दोषियों को नहीं छोड़ेंगे, चाहे वह कोई भी हो। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने भी कहा कि राज्य सरकार राज्य में कफ सिरप से हुई 20 बच्चों की मौत के मामले में कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने आगे कहा कि दवा कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर यहां लाया जाएगा।

शुक्ला ने एएनआई को बताया कि राज्य सरकार इस मामले में कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्रिय है। जैसे ही हमें तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप से बच्चों की मौत के बारे में पता चला, तुरंत मामला दर्ज किया गया और एक एसआईटी का गठन किया गया। कल कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे ट्रांजिट रिमांड पर यहां लाया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने आगे जोर देकर कहा कि राज्य सरकार संवेदनशील तरीके से काम कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने छिंदवाड़ा का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की। औषधि नियंत्रकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी दवाएँ बाजार में दोबारा न मिलें।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950

## पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया; जालंधर से दो गिरफ्तार

**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को जालंधर से दो लोगों को गिरफ्तार कर बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया और एक रिमोट कंट्रोल के साथ आरडीएक्स युक्त एक विस्फोटक उपकरण जब्त किया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि परिष्कृत विस्फोटक सामग्री आईईडी का उद्देश्य लक्षित आतंकवादी हमला करना था। डीजीपी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता में काउंटर इंटेलिजेंस, जालंधर ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया तथा 2.5 किलोग्राम आईईडी/ आरडीएक्स और एक रिमोट कंट्रोल बरामद किया।







## 10 अक्टूबर करवा चौथ पर विशेष
# नारी शक्ति का सवश्रेष्ठ उदहारण है करवा चौथ



-रमेश सर्राफ धमोरा

करवा चौथ सभी विवाहित महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक पत्नियाँ अपने पति की सलामती के लिए व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना पानी पिए और कुछ भी खाए व्रत रखना आसान नहीं है, लेकिन स्नेही पत्नियाँ अपने पति के प्रति पूरे प्रेम और सम्मान के साथ ये सभी रस्में निभाती हैं। यह त्यौहार हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। करवा चौथ शब्द करवा अर्थात मिट्टी का बर्तन और चौथ अर्थात चतुर्थी से मिलकर बना है। इस पर्व पर मिट्टी के करवे का विशेष महत्व होता है। सभी विवाहित महिलाएं पूरे वर्ष इस त्योहार की प्रतीक्षा करती हैं और इसकी सभी रस्मों को श्रद्धा के साथ निभाती हैं।

हमारा देश एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथव्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथका व्रत बतलाया। इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लड़के एवं एक गुणवती लड़की थी। एक बार लड़की मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो। बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथव्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं। कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथमाता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाया था।

## होंडा ने सिवान की नई पीढ़ी का सुरक्षित मोबिलिटी की ओर मार्गदर्शन किया

सिवान। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने बिहार के सिवान में अपने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का विस्तार किया, ताकि देशभर में युवाओं के बीच ज़िम्मेदार सड़क व्यवहार की भावना को और मजबूत किया जा सके। इस कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल और शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के 2000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसका उद्देश्य ज़िम्मेदार सड़क उपयोगकर्ताओं की नई पीढ़ी तैयार करना है। इंटरएक्टिव सत्रों, प्रैक्टिकल लर्निंग मॉड्यूल्स और दिलचस्प चर्चाओं के जरिए छात्रों ने न सिर्फ सुरक्षित ड्राइविंग और पैदल चलने के नियमों की बुनियादी बातें सीखीं, बल्कि यह भी समझा कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर उदाहरण कैसे बन सकते हैं। इस पहल ने युवाओं को यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि सड़क सुरक्षा केवल पालन करने का नियम नहीं, बल्कि अपनाने की एक संस्कृति है। एचएमएसआई का उद्देश्य है कि सिवान केवल सड़क सुरक्षा यात्रा का एक और पड़ाव नहीं है, बल्कि उन युवा दिमागों तक पहुँचने का एक अहम अवसर है जो जल्द ही सड़क उपयोगकर्ताओं का बड़ा हिस्सा बनेंगे।

# वसई ईस्ट सीनियर सिटीजन जैसे संगठन हर गाँव, शहर व कस्बे में होना जरुरी



अशोक भाटिया

आम तौर पर नौकरी से रिटायरमेंट या 60 साल की उम्र के बाद लोग थके थके से दिखते हैं। यह उम्र का वह पड़ाव होता है। जब बच्चे अपनी अपनी दुनिया में मशगूल होते हैं। सेहत भी ज्यादा साथ नहीं देती है। तकनीक के बढ़ते चलन की वजह से एक दूसरे से मिलना जुलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में हाल ही में जब वसई ईस्ट सीनियर सिटीजन एसोसिएशन में सप्ताह भर चले सीनियर सिटीजन के मनोरंजन का समापन चला तो लगा कि सब सीनियर सिटीजन अपने गम , बिमारियों को भूल कर एक नई दुनिया में आ गए है। सीनियर सिटीजन को लगा कि ऐसा कार्यक्रम यदि साल भर चलता रहे तो उनकी दुनिया ही बदल सकती है।

अब सवाल यह भी उठता है कि ऐसे सीनियर सिटिजन एसोसिएशन कि हर शहर व कस्बे में जरुरत क्यों है क्योकि वरिष्ठ नागरिक संगठनों की आवश्यकता सामाजिक अलगाव कम करने, भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय सुरक्षा तक पहुँच में सुधार करने, सरकारी योजनाओं और रियायतों के बारे में जानकारी प्रदान करने और शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहने के लिए मंच प्रदान करने हेतु होती है। ये संगठन एक सुरक्षित वातावरण में समान विचारधारा वाले लोगों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे चिंता और अवसाद का जोखिम कम होता है।

आज तक एक मार्गदर्शक और पारिवारिक मुखिया होने के नाते जो सम्मान बुजुर्गों को मिलता था, उसमे धीरे धीरे कमी आ रही है. उनके अनुभव को अमूल्य पूंजी समझने वाला समाज अब इनके प्रति बुरा बर्ताव भी करने लगा है. इस साल के 'वर्ल्ड एल्डर एब्यूज अवेयरनेस डे' के अवसर पर हेल्पेज इंडिया ने बुजुर्गों की स्थिति पर एक सर्वे किया है, जिससे पता चलता है कि भारत में भी बुजर्गों के साथ बहुत शर्मनाक व्यवहार होने लगा है. खुद बुजुर्गों ने उपेक्षा और बुरे व्यवहार की शिकायत की है. यह अध्ययन देश के 19 छोटे बड़े शहरों में साढ़े चार हजार से अधिक बुजुर्गों पर किया गया है.जिन बुजुर्गों को सर्वे में शामिल किया गया, उनमें से 44 फीसदी लोगों का कहना था कि सार्वजनिक स्थानों पर उनके साथ बहुत गलत व्यवहार किया जाता है. बेंगलूरू, हैदराबाद, भुवनेश्वर, मुंबई और चेन्नई ऐसे शहर पाये गये, जहां सार्वजनिक स्थानों पर बुजुर्गों से सबसे बुरा बर्ताव होता है. सर्वे में शामिल बेंगलूरू के 70 फीसदी बुजर्गों ने बताया कि उनको सार्वजनिक स्थान पर बुरे व्यवहार का सामना करना पड़ता है. हैदराबाद में यह आंकड़ा 60 फीसदी, गुवाहाटी में 59 फीसदी और कोलकाता में 52 फीसदी है. बुजुर्गों के सम्मान के मामले में दिल्ली सबसे आगे दिखी, जहां सिर्फ 23 फीसदी बुजुर्गों को सार्वजनिक स्थान पर बुरे व्यवहार का सामना करना पड़ता है.

तिरस्कार, वित्तीय परेशानी के आलावा बुजुर्गों को मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है. सर्वे में शामिल 53 फीसदी बुजुर्गों का मानना है कि समाज उनके साथ भेदभाव करता है. अस्पताल, बस अड्डों, बसों, बिल भरने के दौरान और बाजार में भी बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आते हैं. खासतौर पर अस्पतालों में बुजुर्गों को भेदभाव या बुरे बर्ताव का अधिक सामना करना पड़ता है.दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों का व्यवहार बुजुर्गों के साथ सबसे बुरा होता है. यहां 26 फीसदी बुजुर्गों को बुरे व्यवहार का सामना करना पड़ा है. इसके बाद 22 फीसदी के साथ बेंगलूरू का नंबर आता है. 12 फीसदी बुजुर्गों को उस वक्त लोगों की कड़वी प्रतिक्रिया झेलनी पड़ती है, जब वे लाइन में पहले खड़े होकर अपने बिल भर रहे होते हैं.

समाजशास्त्री डॉ साहेबलाल के अनुसार बाजारवाद और उदारीकरण के बाद बदले हुए समाज में बुजुर्गों का सम्मान गिरा है. उपभोक्ता समाज में बुजुर्ग ह्रखोटा सिक्काह्न समझे जाने लगे हैं. वे मानते हैं कि आपसी सामंजस्य हो तो आज भी बुजुर्ग परिवार और समाज के लिए काफी उपयोगी हैं. अन्य सर्वे भी इस तथ्य की ओर संकेत करते हैं कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत में बुजुर्गों की स्थिति उतनी खराब नहीं है. सेवानिवृत न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद मानते हैं कि बुजुर्गों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलने के लिए बुजुर्गों और आज की युवा पीढ़ी को एक साथ मिल कर और आपस में सहयोग बढ़ा कर करना होगा. उनके अनुसार इससे बुजुर्गों और युवाओं, दोनों को ही लाभ होगा.



विभिन्न मीडिया अध्ययनों के आंकड़ों से पता चला है कि बुजुर्गों के खिलाफ अत्याचार की प्रकृति, पैमाने और व्यापकता में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। ये बदलाव न केवल व्यक्तिगत स्तर पर अपराध की प्रकृति में हैं, बल्कि पारिवारिक संरचना, आर्थिक व्यवस्था आदि में भी हैं।वे प्रौद्योगिकी के उपयोग और प्रशासन की प्रतिक्रिया का प्रतिबिंब हैं। 2023 में, देश में बुजुर्गों के खिलाफ दर्ज अपराधों की कुल संख्या 27,886 थी, जो 2022 में बुजुर्गों के खिलाफ दर्ज 28,545 मामलों से थोड़ी कम है; हालांकि, इस सांख्यिकीय संख्या को जोखिम में कमी का संकेत नहीं माना जाना चाहिए, लेकिन वास्तविकता गहरी और मिश्रित है क्योंकि कुछ घटते कारकों से परे, गंभीर अपराध दर, राज्य-वार भिन्नता और डिजिटल और वित्तीय धोखाधड़ी में वृद्धि जैसे खतरनाक रुझान दिखाई दे रहे हैं। इन आंकड़ों के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि बुजुर्गों के खिलाफ रिपोर्ट किए गए अपराधों का उच्चतम अनुपात 'साधारण चोट' या शारीरिक शोषण का है। लेकिन साथ ही, यह ध्यान रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि चोरी, जालसाजी/धोखाधड़ी और वित्तीय शोषण जैसे आर्थिक अपराधों ने बड़े पैमाने पर बुजुर्गों को निशाना बनाया है, क्योंकि यह बुजुर्गों की आत्मनिर्भरता और मानसिक कल्याण को हतोत्साहित करता है और सामाजिक पुनर्वास को कठिन बना देता है।

राज्य-स्तरीय विश्लेषण से पता चलता है कि कुछ राज्य और महानगर बार-बार उच्च रिकॉर्ड के साथ सामने आ रहे हैं; एनसीआरबी आधारित 2023 के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में 5,738 मामले और महाराष्ट्र में 5,115 मामले दर्ज किए गए, जबकि तमिलनाडु और कर्नाटक सहित कुछ अन्य राज्यों में भी बुजुर्गों के खिलाफ मामलों की उच्च दर थी, जिससे इन क्षेत्रों में स्थानीय सामाजिक संरचनाओं, पारिवारिक संघर्षों, आर्थिक असमानता और पुलिस और प्रशासन की प्रतिक्रियाओं में अंतर का गहन अध्ययन करने की आवश्यकता थी।

यहां तक कि महानगरों में भी, बुजुर्गों के खिलाफ अपराध महत्वपूर्ण हैं; दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में बुजुर्गों के खिलाफ रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या अधिक है, और बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर एकल परिवार संरचना, सामाजिक अलगाव और भेद्यता बुजुर्गों की भेद्यता के साथ सहसंबद्ध है।

समाजशास्त्रीय रूप से, समस्या की जड़ कई स्तरों पर निहित है: पहला और सबसे प्रत्यक्ष कारण यह है कि पारिवारिक संरचना और पीढ़ीगत बदलाव - पारंपरिक संयुक्त परिवार से अलग और एकल-व्यक्ति परिवार में - बुजुर्गों को व्यक्तिगत और सामाजिक समर्थन से वंचित करते हैं। नतीजतन, कई वृद्ध लोग अकेलेपन का अनुभव करते हैं, नियमित सामाजिक पर्यवेक्षण को कम करते हैं, और शारीरिक और वित्तीय शोषण के जोखिम को बढ़ाते हैं। दूसरा, वित्तीय असुरक्षा, कई वरिष्ठ नागरिक जिनकी आय सीमित पेंशन, बचत या पारिवारिक निर्भरता पर निर्भर करती है; ऐसी आर्थिक निर्भरता के कारण, वे रिश्तेदारों के दबाव और संपत्ति पर दबाव का लक्ष्य बन जाते हैं। तीसरा, सामाजिक स्थिति की कमी के कारण, बुजुर्गों की स्थिति कम हो गई है; परिवार और समुदाय में सेवानिवृत्त लोगों का कम मूल्य, उनकी राय की उपेक्षा और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से उन्हें बाहर रखने के गंभीर मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परिणाम हैं। चौथा, प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण से उत्पन्न नए खतरों - ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल भुगतान, ओटीपी और कॉल घोटाले - ने बुजुर्गों को वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति अधिक संवेदनशील बना दिया है; उनकी डिजिटल साक्षरता की कमी और विश्वसनीय प्रतीत होने वाले प्लेटफार्मों का दुरुपयोग इस प्रक्रिया को बढ़ावा देता है। पांचवां और सबसे महत्वपूर्ण कारण न्यायिक प्रणाली और प्रवर्तन प्रक्रिया की कमजोरी है - भले ही माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून मौजूद हैं, शारीरिक शिकायत रिपोर्टिंग की कमी, पुलिस की संवेदनशीलता की कमी। स्वास्थ्य कारणों से, पुलिस स्टेशन पहुंचने में कठिनाई और धीमी प्रक्रिया के कारण, कई मामले दर्ज नहीं हो जाते हैं और जो होते हैं उनकी जांच की जाती है और उन्हें धीरे-धीरे दोषी ठहराया जाता है, जिससे पीड़ितों का न्याय पाने में विश्वास कम हो जाता है, विशेष रूप से वित्तीय अपराध, धोखाधड़ी, धोखाधड़ी आदि। धोखाधड़ी और राजा-आधारित धोखाधड़ी का बढ़ना चिंता का विषय है क्योंकि यह सीधे बुजुर्गों की वित्तीय सुरक्षा पर हमला करता है। एनसीआरबी के आंकड़ों और द्वितीयक रिपोर्टों से पता चलता है कि महानगरों और कुछ राज्यों में विशेषज्ञ श्रेणी में बड़ी संख्या में धोखाधड़ी और धोखाधड़ी वाले लेनदेन की सूचना मिली है; उन्होंने कहा कि कई बुजुर्गों को अक्सर पेंशन खातों, बैंक विवरणों, ओटीपी या भरोसेमंद कॉल के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करने की आदत का उपयोग करके भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा है। इस प्रकार के अपराधों के परिणामस्वरूप दीर्घकालिक मानसिक तनाव, सामाजिक शत्रुता और कम आत्मसम्मान होता है, इसके अलावा तत्काल वित्तीय नुकसान होता है। कुछ मामलों में, किसी भी वित्तीय सहायता को वापस करना मुश्किल होता है और बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है।

शारीरिक शोषण और घरेलू हिंसा की प्रकृति भी व्यापक है; रिपोर्ट में बड़ी संख्या में ऐसे मामलों का उल्लेख किया गया है जो 'साधारण चोटों' की श्रेणी में आते हैं, जिनमें अक्सर घरेलू विवाद, धन विवाद, विरासत विवाद या पति/पत्नी/परिवार के सदस्यों द्वारा दुर्व्यवहार शामिल होते हैं, विशेष रूप से जहां बुजुर्गों के पास उच्च स्वास्थ्य निर्भरता और कम सामाजिक-पारंपरिक समर्थन होता है।

अंत में, यह कहा जा सकता है कि जैसा कि एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़ों से संकेत मिलता है, राज्यवार अंतर, महानगरों में खतरे, वित्तीय और डिजिटल धोखाधड़ी में वृद्धि और घरेलू हिंसा की जहरीली प्रकृति केवल अस्थायी सामाजिक मुद्दे नहीं हैं, बल्कि व्यापक रणनीतिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक हस्तक्षेपों की आवश्यकता को पहचानते हुए गहन रूप से संबोधित करने की आवश्यकता है। बैंकों, शैक्षणिक संस्थानों और मीडिया के ठोस प्रयास न केवल बुजुर्गों को कानूनी और पुलिस सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, बल्कि उन्हें वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और सामाजिक गरिमा के मामले में भी मजबूत कर सकते हैं जो बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और समाज के नैतिक और सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार करेंगे। हमारे वरिष्ठ नागरिक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और सहभागी जीवन तभी जी पाएंगे जब हम सुनेंगे और साहसपूर्वक कार्य करेंगे; अन्यथा इन आंकड़ों के पीछे के गंभीर संकेत लंबे समय में समाज को बहुमूल्य नुकसान पहुंचा सकते हैं और यह सब संभव हो सकता है हर शहर , कस्बे गाँव में वसई ईस्ट सीनियर सिटीजन जैसे संगठन बनाने पर।

# लखनऊ से उठी नीली लहरः सियासी पारा चढ़ा, भाजपा-सपा में खलबली



सुरेश गांधी

हो जो भी, हकीकत तो यही है स्मारक से उठी बहुजन नारी शक्ति की इस गूंज ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। स्मारक पर उमड़ी लाखों की भीड़ ने यह साफ कर दिया कि बसपा फिर मैदान में लौट आई है। मायावती उनकी इस गर्जना से सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा और सपा, दोनों खेमों में बेचैनी देखी जा रही है। 2007 की तरह एक बार फिर उन्होंने दलित-पिछड़ा-ब्राह्मण समीकरण का मंत्र दोहराया और गठबंधन राजनीति को ह्रजनता की ताकतह्न से जवाब देने का संदेश दिया। इसके चलते राजनीतिक गलियारों में अब यही सवाल गूंज रहा है, क्या मायावती की वापसी से 2027 में यूपी की राजनीति का समीकरण बदल जाएगा? बता दें, बसपा सुप्रीमो मायावती ने लाखों की भीड़ के बीच 2027 में पांचवीं बार सत्ता में लौटने का संकल्प लिया और ऐलान किया कि बसपा अब किसी के सहारे नहीं, अपने दम पर आगे बढ़ेगी। 2007 की तर्ज पर ह्रदलित-पिछड़ा-ब्राह्मण एकताह्न का सूत्र दोहराते हुए उन्होंने विपक्षी गठबंधन और भाजपा दोनों को एक साथ चेताया, हमारी ताकत जनता है, गठबंधन नहीं अबकी बार बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर सरकार बनाएगी। बसपा किसी के सहारे नहीं, अपने दम पर आगे बढ़ेगी। और यदि दलित वोट का 60 से 70 फीसदी पुनः बसपा के साथ जुड़ गया, तो 2027 में यह पार्टी फिर निर्णायक भूमिका में आ सकती है। हालांकि युवा दलित मतदाता, जो आज भाजपा और सपा के बीच बंट चुका है, उसे वापस लाना बसपा के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। सपा पर केंद्रित हमला यह संकेत देता है कि आगामी चुनाव में मुकाबला बसपा बनाम सपा के रूप में उभर सकता है, जबकि भाजपा पर अप्रत्यक्ष प्रहार से बसपा एक संतुलित विपक्ष की स्थिति बनाए रखना चाहती है। मायावती की आवाज में दो बातें साफ थीं, पहली, सत्ता के बिना सम्मान नहीं, दूसरी, गठबंधन की राह नहीं, आत्मनिर्भर राजनीति ही विकल्प है। यदि बसपा अपने पुराने संगठनात्मक अनुशासन और वैचारिक एकजुटता को पुनः जीवित कर पाती है, तो 2027 का चुनाव केवल दो दलों का नहीं, बल्कि नीले झंडे बनाम लाल-केसरिया गठजोड़ का भी मुकाबला होगा।

इतना ही नहीं, 2007 की तर्ज पर ह्रदलित-पिछड़ा-ब्राह्मण एकताह्न की पुकार के साथ मायावती ने भाजपा को सीधी चुनौती दी और विपक्षी गठबंधन को भी सख्त संदेश, कि अब बसपा न केवल मैदान में है, बल्कि मुकाबले की दिशा बदलने को तैयार है। मतलब साफ है कांशीराम स्मारक में उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि बहनजी का करिश्मा अब भी बरकरार है। मायावती के मंच पर आते ही नारे गूंजे, बहनजी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। यह दृश्य न केवल बसपा कार्यकताओं के जोश को दिखा रहा था, बल्कि यूपी की राजनीति के बदलते समीकरणों की झलक भी दे रहा था। लाखों की भीड़ और अनुशासित बसपाईयों की मौजूदगी ने विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को संदेश दिया कि मायावती को अब हाशिये पर समझना भूल होगी। उन्होंने कहा, ह्रहम गठबंधन की राजनीति में अब नहीं पड़ेंगे। बसपा अपने दम पर 2027 का चुनाव लड़ेगी और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस घोषणा ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। मायावती ने बीते चुनावों में गठबंधन से हुए नुकसान को खुलकर स्वीकार किया और कहा कि बसपा का वोट बैंक किसी की झोली में नहीं जाएगा। मायावती का पूरा भाषण 2007 की ऐतिहासिक जीत को याद दिलाता रहा। उन्होंने उस समय के ह्रसोशल इंजीनियरिंग मॉडल की बात दोहराई, जब दलित, पिछड़े और ब्राह्मण समाज ने मिलकर बसपा को पूर्ण बहुमत तक पहुंचाया था। आज 2027 की ओर देखते हुए उन्होंने फिर वही समीकरण साधने का संकल्प लिया है। उनका कहना था, कांशीराम का सपना अधूरा नहीं रहेगा। अबकी बार फिर बहुजन समाज की सरकार बनेगी। मायावती ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि दलितों के नाम पर राजनीति करने वाले असल में उन्हें अधिकार नहीं, सहानुभूति देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बसपा सरकार में दलितों, पिछड़ों और गरीबों को जो सम्मान मिला था, वह आज खो गया है। भाजपा की नीतियों पर टिप्पणी करते हुए मायावती ने कहा, ह्रजनता को योजनाओं का दिखावा नहीं, स्थायी सुरक्षा चाहिए।

मायावती का यह रुख भाजपा के लिए चेतावनी है। अगर बसपा अपने परंपरागत वोट बैंक को फिर सक्रिय कर लेती है तो कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय और कठिन हो जाएगा। मायावती ने अपने भाषण में अखिलेश यादव और कांग्रेस नेतृत्व पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, गठबंधन से वोट नहीं जुड़ते, बल्कि टूटते हैं। अनुभव हमें यही सिखाता है। यह बयान सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए बड़ा संकेत है। क्योंकि इन दोनों दलों की रणनीति दलित-मुस्लिम-ओबीसी वोटों के साझा आधार पर टिकी है। अगर बसपा इस आधार को अपने पक्ष में कर लेती है, तो विपक्ष का समीकरण बिखर सकता है। मायावती ने रैली के दौरान दलित समाज में आत्मगौरव जगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरक्षण और समान अवसर सिर्फ कागजों में नहीं, जीवन में दिखने चाहिए। यह संदेश खासकर युवा दलित मतदाताओं को संबोधित था, जो पिछले वर्षों में अन्य विकल्पों की ओर झुक गए थे। बसपा अब फिर ह्रस्वाभिमान और शासनह्न की दोहरी धारा पर राजनीति को केंद्रित कर रही है। मतलब साफ है 2027 का विधानसभा चुनाव अब दो नहीं बल्कि तीन ध्रुवों पर टिकेगा, भाजपा अपने विकास और राष्ट्रवाद के एजेंडे पर, सपा-कांग्रेस गठबंधन सामाजिक न्याय के नारे पर, और बसपा ह्रदलित-पिछड़ा-सर्वजनह्न मॉडल पर। यह स्थिति भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है क्योंकि बसपा की हल्की बढ़त भी कई सीटों का गणित बदल सकती है। खास यह है कि भीड से गदगद मायावती का आत्मविश्वास साफ झलक रहा था. उन्होंने कहा भी हमारे पास भीड़ नहीं, जनसमर्थन है। 2027 में जनता खुद फैसला करेगी कि उसे दिखावा चाहिए या स्थिर शासन। उनके शब्दों में वह पुराना आत्मविश्वास झलक रहा था जो कभी 2007 में उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी तक ले गया था। आज वही आत्मविश्वास फिर लौटता दिख रहा है, बसपा कार्यकर्ता के चेहरे पर, और मायावती के स्वर में। उनकी यह हुंकार, यूपी की सियासत में गर्माहट ला दी है. खासकर आगामी विधानसभा चुनाव साल 2027 में अकेले चुनाव लड़ेगी, का बयान इस बात का संकेत है कि अब सपा-भाजपा को 2027 में जीत के लिए नाकों चने चबाने पड़ेंगे. मतलब साफ है लखनऊ के रामाबाई मैदान में बसपा की महारैली सिर्फ एक स्मृति दिवस का आयोजन नहीं थी, बल्कि यूपी की राजनीति में नीले झंडे की नई आहट का संकेत भी थी। दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को एकजुट कर फिर से सत्ता तक पहुंचने की तैयारी अब शुरू हो चुकी है। योगी सरकार की मरम्मत कार्यों को लेकर अप्रत्यक्ष सराहना और सपा-कांग्रेस पर तीखे हमलों के बीच मायावती ने यह संदेश देने की कोशिश की कि बसपा अब भी संविधान, स्वाभिमान और सर्वजन हिताय की राजनीति की मूलधारा है।

यहां जिक्र करना जरुरी है कि यूपी की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से मायावती की सक्रियता सीमित थी। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन ने यह आभास दे दिया था कि बसपा अब अपने पुराने जनाधार को खो चुकी है। लेकिन रविवार को हुए इस महासभा ने यह धारणा तोड़ी। रामाबाई मैदान में उमड़ी भीड़ ने यह साबित किया कि बसपा का सामाजिक आधार अभी समाप्त नहीं हुआ है, केवल पुनर्संगठन की प्रतीक्षा थी। मायावती ने इसी मौके को चुना कि कांशीराम की विरासत को फिर से सत्ता की मास्टर चाबी में बदलने की घोषणा की जाए। सपा को उन्होंने जिस अंदाज में जातिवादी दल बताते हुए दलित समाज के साथ हुए शोषण और उपेक्षा को याद दिलाया, वह अखिलेश यादव के ओबीसी-दलित गठबंधन के प्रयास को कमजोर करने का प्रयास है। मायावती समझती हैं कि यदि सपा का यह सामाजिक समीकरण मजबूत हुआ तो बसपा के लिए 2027 में चुनौती बढ़ेगी। इतना ही नहीं मायावती ने कांग्रेस को ह्यनौटंकीह्न कहकर बाबा साहब को भारत रत्न न देने, मंडल रिपोर्ट न लागू करने जैसे पुराने मुद्दे उठाए। बीजेपी पर आरक्षण बिल लटकाने और कागजी शिलान्यासों की राजनीति का आरोप लगाया। यानी बसपा ने खुद को इन दोनों के बीच संविधान रक्षक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि बसपा न केवल दलितों की, बल्कि संविधान और सामाजिक न्याय की भी असली प्रहरी है।

अपने भाषण में मायावती ने बार-बार 2007 के पूर्ण बहुमत का उदाहरण दिया। वह दौर जब बसपा ने बहुजन से सर्वजन का नारा दिया और दलित-ब्राह्मण समीकरण से सत्ता में पहुंची। आज फिर उन्होंने उसी फॉमूर्ले को जगाने की कोशिश की है। उनका कहना था कि ह्रहमने हर जाति को सम्मान और रोजगार के अवसर दिए, किसी को गुलाम नहीं बनाया। यह पंक्ति सीधे तौर पर वर्तमान फ्री राशन राजनीति की आलोचना थी। यह रेखांकित करता है कि मायावती की राजनीति सशक्तिकरण बनाम परनिर्भरता के विमर्श पर आधारित है। मायावती ने विपक्षी दलों पर दलित वोट तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिकाऊ संगठनों के जरिए दलित समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने बाबा साहब का हवाला देते हुए कहा, सत्ता मास्टर चाबी है, जिसके बिना सम्मानपूर्ण जीवन असंभव है। इस कथन के जरिए उन्होंने सत्ता को आंदोलन का अंतिम लक्ष्य बताया, न कि साधन मात्र। यही वह वैचारिक बिंदु है, जिससे बसपा दोबारा आत्मविश्वास और वैचारिक पहचान दोनों हासिल करना चाहती है। मायावती ने कार्यकताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि 2027 की तैयारी 2007 की तरह ह्रछोटी-छोटी बैठकों और सर्वसमाज के संवादह्न से होगी। यह बसपा की पुरानी कैडर आधारित रणनीति की वापसी है। इससे पार्टी बड़े जनसमूह की बजाय गांव-स्तर पर प्रभावी नेटवर्क बनाने पर ध्यान देगी। यही बसपा का हमेशा से चुनावी हथियार रहा है, जिसने उसे सीमित प्रचार के बावजूद भारी जनमत दिलाया था।

**लखनऊ के कांशीराम स्मारक से निकली मायावती की हुंकार केवल रैली नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश है, कि बसपा फिर अपने मूल पथ पर लौट आई है। दलित-पिछड़ा एकता का नया बिगुल बज चुका है, और उसके साथ ही 2027 की सियासत का शंख भी। ऐसे में सवाल तो यह नहीं कि बसपा चुनाव लड़ेगी या नहीं, सवाल यह है कि कितने दल इस बार उसकी हुंकार की तपिश झेल पाएंगे। मायावती का यह रुख केवल चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि संगठनात्मक पुनर्गठन की शुरूआत है तो है ही इस हुंकार ने यूपी की सियासत को फिर त्रिकोणीय मोड़ पर ला खड़ा किया. यह अलग बात है कांशीराम के सपनों को मूर्त रूप देने का दावा करने वाली मायावती के सामने चुनौती, आंदोलन को पुनः जन-जन के दिल तक पहुंचाने की है. और अगर ऐसा हुआ तो यूपी की राजनीति में फिर से नीली आभा लौट सकती है**

# जंघई में होमियोपैथिक चिकित्सक को गांव का ही हिस्टीशीटर बदमाश ने दिन दहाड़े मारी गोली

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जंघई के मोलनापुर गाँव निवासी होमियोपैथिक चिकित्सक को गाँव का ही हिस्टीशीटर बदमाश ने दिन दहाड़े गोली मार दिया गनीमत रही की गोली उनके पेट से छूते हुए निकल गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए मछलीशहर सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस बदमाश के धड पकड़ में जुट गयी है।



मोलनापुर गाँव निवासी राज सिंह चौहान 50 वर्ष होमियोपैथिक चिकित्सक है उनकी डिस्पेन्सरी गोधना बाजार में है। बृहस्पतिवार दोपहर 12.15 बजे वह अपने घर पर थे तभी गाँव का ही मीरगंज थाने का हिस्टीशीटर करन चौहान मौके पर पहुंचा और कुछ बातचीत करने के बाद निशाना बनाकर फायर कर दिया और भाग गया गनीमत रही की गोली राज सिंह को छूती हुई निकल गयी गोली चलने पर गाँव के लोग इकट्ठा हो गये और पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही 10 मिनट में ही मौके पर थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल एसआई मुन्नी लाल कन्नौजिया एसआई माया शंकर एसआई मैयादीन पुलिस कर्मियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गये। पुलिस तत्काल घायल राज सिंह को इलाज के लिए मछलीशहर सीएचसी भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल का कहना है की मोलनापुर गाँव का करन चौहान थाने का हिस्टीशीटर है पुरानी रंजिश में उसने गाँव के ही राज सिंह पर गोली चला दी। राज सिंह चौहान की तहरिर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही है और जगह जगह दबिश दी जा रही है बदमाश करन पर मीरगंज सहित अन्य थानो में 14 से अधिक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। वह अक्सर भदोही व प्रयागराज मे रहता है।

# सुबह 6 बजे से लाइन, 9 बजे तक इंतजार

## जौनपुर डाकघर में आधार कार्ड फॉर्म को लेकर आक्रोश, अव्यवस्था से लोग परेशान

**डॉ.इम्तियाज अहमद उर्फ बाबू भाई**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक के सैकड़ों लोग हर रोज सुबह 6 बजे से ही जौनपुर डाकघर परिसर में जमा होने लगते हैं। वजह केवल आधार कार्ड फॉर्म हासिल करना। मगर जब तक फॉर्म बंटना शुरू होता है, घड़ी में सुबह के 9 बज जाते हैं। तब तक बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और नौकरीपेशा लोग तीन घंटे तक बेसब्री से इंतजार करते हैं, खड़े रहते हैं, धूप, बारिश या सर्दी की परवाह किए बिना।



सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर फॉर्म वितरण का समय 9 बजे है, तो आम जनता को सुबह 6 बजे से क्यों बुलाया जाता है? यह एक प्रशासनिक विफलता नहीं तो और क्या है।

आम जनों का कहना है कि वे डर के मारे जल्दी आते हैं कि कहीं फॉर्म खत्म न हो जाएं। हम गांव से 20 किलोमीटर दूर से आए हैं, सुबह 4 बजे निकले थे। अब तक नंबर नहीं आया, एक ग्रामीण बुजुर्ग ने रोष जताते हुए कहा।

**सिस्टम की पोल खोलती अव्यवस्था:** डाकघर परिसर में न तो बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है, न ही पीने के पानी का इंतजाम। कई बार धक्का-मुक्की की नौबत आ जाती है। महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**प्रशासन की उदासीनता पर सवाल:** इस पूरे मामले में सवाल उठता है, आखिर क्यों नहीं तय समय पर ही लोगों को बुलाया जाता है? क्यों नहीं कोई टोकन सिस्टम या ऑनलाइन स्लॉट जैसी व्यवस्था लागू की जाती? क्या आम जनता को ऐसे ही घंटों लाइन में खड़ा रखना जरूरी है। जनता की मांग है कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर अव्यवस्था का संज्ञान लें और व्यवस्था में त्वरित सुधार करें। अन्यथा यह असंतोष किसी दिन बड़े विरोध प्रदर्शन का रूप ले सकता है। वहीं कुछ समाजसेवी से पूछा गया कि ऐसा क्यों है, जो इतनी समस्या आधारकार्ड बनवाने व अपडेट करने में हो रही है।

एक तरफ सरकार ने पहले से ही 18 वर्ष से अधिक आयु वालो का आधारकार्ड बनाना बन्द कर दिया है। ज्यादातर यहा पर वो लोग आते है जिन्हें आपने आधारकार्ड में संशोधन कराना होता है। और जो बच्चों का नया स्कूल में एडमिशन होना है, केजी या नर्सरी में उन्हीं की ज्यादा भीड़ होती या फिर जो जो बच्चियों की शादी हो गई है, वो आती है अपने आधार कार्ड पर पता संशोधन कराने के लिए। इसी तरह निवास, आय, जाति प्रमाण पत्र या फिर कोई भी ऑनलाइन काम आपको कराना है तो आपके आधार कार्ड से मोबाईल का लिंक होना अनिवार्य है। कहने वाले दबी जुबान से यह भी कहते है सब प्राइवेट कंपनियों का खेल है एक मोबाइल एक आधार कार्ड ताकि सिम की बिक्री भी हो सके। कोई बीस किलोमीटर से आता है तो कोई तीस किलोमीटर से चल कर आता है। पूरा दिन उसका आधारकार्ड बनवाने में ही समाप्त हो जाता है। अब समस्या कहा से शुरू हुई है इसके बारे में जानकारी देते चले पहले सीएसी और जन सेवा केन्द्र पर ये सारा काम बहुत ही आसानी से हो जाता था। हर ग्रामीण क्षेत्रों में और समय भी बच जाता है। सरकार ने इसी लिए सी एस सी केंद्र वो जन सेवा केन्द्र खोला था, मगर किस कारण से यहा पर बन्द कर दिया गया है आधार कार्ड का काम आज तक इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई है।

# "तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-3.0" पर निकली जन-जागरूकता रैली को सीएमओ ने झंडी दिखाकर किया रवाना

जैनपुर (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत "तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-3.0" पर एक विशाल जन-जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली में कुँवर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त अभियान-3.0 दिनांक 09 अक्टूबर 2025 से आगामी 60 दिनों तक अभियान जनपद में चलाया जायेगा।





मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर साल तम्बाकू के सेवन से अपनी जान गवाते है। 6.5 सकेण्ड में एक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की मौत होती है। भारत में कैन्सर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 तम्बाकू के प्रयोग के कारण मरते है।

नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा0 बी0सी0 पन्त द्वारा बताया कि अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण-2021 जारी किया गया है, जिसके अनुसार 23 प्रतिशत लडके एवं 24 प्रतिशत लडकियों द्वारा किसी न किसी रूप में तम्बाकू उत्पादों का उपयोग, 22 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान किया जा रहा है, साथ ही साथ हम गैट्स-2 की रिपोर्ट देखे तो 23.1 प्रतिशत पुरूष, 3.2 प्रतिशत महिलाये और सभी वयस्को का 13.5 प्रतिशत वर्तमान में तम्बाकू का सेवन करते है। उनके द्वारा युवाओं को तम्बाकू की लत से दूर रखने एवं युवा को तम्बाकू की जोखिम के कारको से अवगत कराया गया। साथ ही साथ समस्त जनपद में तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा-2003 के समस्त धाराओं की प्रभावी क्रियांवन्य में सहयोग हेतु प्रेरित किया गया।

एफ0एल0सी0 जयप्रकाश गुप्ता द्वारा बताया गया कि 09 अक्टूबर 2025 से 60 दिन तक चलने वाले तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अन्तर्गत 06 गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी। पहला तम्बाकू से होने वाले दूषप्रभावों से लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया जायेगा। दूसरा जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से जनपद के समस्त विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराया जायेगा। तीसरा जिला पंचायती राज अधिकारी के सहयोग से जनपद के समस्त गॉवों/पंचायतों को तम्बाकू मुक्त ग्राम/पंचायत घोषित कराया जायेगा। चौथा पुलिस विभाग एवं खाद्य प्रशासन के द्वारा सीओटीपीए 2003 एवं पीसीए 2019 अधिनियम के अन्तर्गत इन्फोर्समेन्ट की कार्यवाही की जायेगी। पॉचवा प्रिन्ट/सोशल मिडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा तथा छठॉ विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उक्त रैली में एम0एच0 कन्सलटेन्ट नीरज सिंह, डी0सी0पी0एम0 मो0 खुबैब रजा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, एवं एन0सी0डी0 सेल के समस्त कर्मचारी/अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील अग्रहरी द्वारा किया गया।

# फिलेटली के शौक से विद्यार्थियों में बढ़ती है खेल खेल में जानकारी: कर्नल विनोद

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत आज डाक टिकट संग्रह एवं नागरिक केन्द्रित सेवा दिवस पूरे वाराणसी परिक्षेत्र में अत्यंत उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र के सभी डाक मंडलों एवं डाकघरों में नागरिकों के लिए जनसेवा आधारित विविध गतिविधियाँ एवं फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) से जुड़ी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

मुख्य कार्यक्रम बहस-ए-बनारस सभागार कक्ष, कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कर्नल विनोद कुमार, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र ने की। इस अवसर फिलेटली क्विज और पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों, और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर डा. विजय कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी, फिलेटिस्ट, अनवर अली, डाक टिकट बिक्रेता, आदित्य साहू और आदित्य सिंह फिलेटिस्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फिलेटली की उपयोगिता, ऐतिहासिक महत्व एवं इसमें निहित शैक्षणिक और राष्ट्रीय मूल्य के विषय में विस्तार से बताया। इसके अलावा वाराणसी पूर्वी मण्डल के





अन्तर्गत वाराणसी प्रधान डाकघर में भी फिलेटली क्विज और 'पत्र लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमे वहाँ के अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ साथ हरिश्चंद्र बालिका इन्टर कालेज, डी ए वी इन्टर कालेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में पत्र लेखन की परंपरा को पुनर्जीवित करना तथा उन्हें डाक टिकट संग्रह के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक गौरव एवं राष्ट्र भावना से जोड़ना था। कर्नल विनोद ने उपस्थित लोगो को फिलेटली डिपॉजिट खाता खोलने के लिए जागरूक किया और 'माई स्टाम्प' योजना के माध्यम से अपना व्यक्तिगत डाक टिकट जारी करवाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। उन्होंने यह भी कहा कि डाक टिकट केवल पत्र भेजने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत दस्तावेज है। इस अवसर पर सहायक निदेशक परमानन्द कुमार, सहायक अधीक्षक सुश्री पल्लवी मिश्रा, सीनियर लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, निरीक्षक डाक एवं कार्यालय के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अन्त में पोस्टमास्टर जनरल ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक टिकट संग्रह करने के लिए अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाने हेतु प्रेरित किया।

# बाइक सवारों पैदल जा रहे लोगो को मारी टक्कर, एक राहगीर की मौत

## हादसे में पांच लोग घायल, खबर लगते ही परिजनों में मचा कोहराम

सिकरारा, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के जौनपुरझप्रयागराज हाईवे पर बीती रात लगभग 9 बजे तेज रफ्तार बाइक सवारों ने सड़क पर पैदल जा रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक सहित सभी घायल समाधगंज कूरनी में चल रही रामलीला देखने जा रहे थे। तभी मछलीशहर की ओर से आ रही एक बाइक, जिस पर तीन युवक सवार थे, ने तेज गति में नियंत्रण खो दिया और पैदल चल रहे लोगों को रौंद दिया।



घटना में पूजा (18), रूबी (19), प्रीति (19), खुशी (15) और सोना (40) घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को सड़क से हटाकर प्राथमिक इलाज की व्यवस्था की और बाइक सवारों को पकड़ लिया। सूचना पर थानाध्यक्ष सिकरारा उदय प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मछलीशहर भेजवाया। वहां से हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने पूजा प्रजापति (18) को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता दयाशंकर प्रजापति ने बताया कि बाइक सवार अत्यधिक तेज गति से आ रहे थे और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बेटी की जान ले ली। इस संबंध में उन्होंने थाने पर लिखित तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजा गया और बाइक को कब्जे में लिया गया है। आरोपी चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और मृतका के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पूर्व विधायक ने मनाया अपना जन्मदिन, बांटा मरीजों में फल और बच्चों को कापीझकिताब

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत भारतीय जनता पार्टी केराकत से पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने अपना जन्मदिन पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों के साथ मनाया। सुबह से ही समर्थकों का मिलने का सिलसिला जारी रहा। फिर पूर्व विधायक ने विधानसभा क्षेत्र केराकत



के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज, केराकत और बीरीझबारी पर उपस्थित मरीजों में फल का वितरण किया, हालचाल जाना, साल प्रदान किया। फिर पूर्व विधायक ने ग्रामसभा बारौटी में बच्चों को कापी, पेन का वितरण करके उनका उत्साह बढ़ाया। पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे ही मेरे ऊपर आप सबका आशीर्वाद बना रहे। आप सब मेरा मार्गदर्शन करें। मेरा जीवन समाज के हवाले है। समाज के ही दिशा निर्देशन में आगे जीवन जीने की कामना है। सबकी मदद कर सकू भगवान इस योग्य बनाए रखे। उपस्थित लोगों में भी भारी उत्साह देखने को मिला, उपस्थित लोग आगे आने वाले समय में कोई विधायक तो कोई मंत्री बनने का आशीष और शुभकामना प्रदान कर रहे थे।

# अधिवक्ता ने बरसठी थाने में दी तहरीर, मुकदमा पंजीकृत

## दीवानी न्यायालय जौनपुर के अधिवक्ता को धमकी भरे फोन कॉल का मामला

**दिनेश कुमार विश्वकर्मा**

बरसठी, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के निगोह गांव निवासी अधिवक्ता राहुल कुमार सरोज पुत्र रविन्द्र कुमार सरोज ने एक व्यक्ति पर फोन के जरिए गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में अधिवक्ता ने बरसठी थाने में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता राहुल कुमार सरोज ने बताया कि वे सिविल कोर्ट जौनपुर में जूनियर अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रहे हैं। बीते 4 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 4:25 बजे उन्हें रामबहादुर यादव उर्फ. नाटे पुत्र



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)

S. No. (क्र.सं.) UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

सेवा में श्री मान प्रभारी निरीक्षक थाना बरसठी जौनपुर महोदय विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी राहुल कुमार सरोज पुत्र श्री रविन्द्र कुमार सरोज ग्राम निगोह थाना बरसठी जिला जौनपुर का निवासी हूँ प्रार्थी सिविल कोर्ट जौनपुर मे जूनियर अधिवक्ता के रूप मे प्रैक्टिस कर रहा है। मेरे गाँव के रामबहादुर यादव उर्फ नाटे पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम निगोह थाना बरसठी जौनपुर के विरुद्ध थाना बरसठी मे राजेश कुमार यादव ने मु0अ0सं0 204/25 धारा 115(2),352,351(3) B.N.S मे दर्ज कराया है। घटना दिनांक 4.10.2025 समय करीब 4:25 बजे शाम की है। उपरोक्त रामबहादुर यादव उर्फ नाटे अपने मोबाइल नम्बर 73079XXXXX से मेरे मोबाइल नम्बर 99353XXXXX पर फोन करके बोला कि तुम राजेश कुमार यादव के मुकदमे की पैरवी कर रहे हो तुम्हे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा और मुझे जाति सूचक पासी साले कर कर गन्दी गन्दी गालिया तथा जान से मारने की धमकी दिये उपरोक्त रामबहादुर यादव बराबर मेरा पिछा कर व करवा रहे है कभी भी मेरी हत्या कर देगे प्रार्थी श्री मान जी को घटना की सूचना दे रहा है। अतः प्रार्थना है कि मेरी रपट लिखकर उपरोक्त रामबहादुर यादव उर्फ नाटे के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करे। प्रार्थी राहुल कुमार सरोज एडवोकेट पुत्र रविन्द्र कुमार सरोज ग्राम निगोह थाना बरसठी जि0 जौनपुर मो0 99353XXXXX दिनांक -04.10.2025 हस्ताक्षर राहुल कुमार सरोज नोट-मैं है0मु0 विजय प्रकाश यादव पीएनओ 052501092 प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर अक्षरशः व कायमी मुकदमा अलवा तक्नीकी त्रुटि के मेरे द्वारा बोल बोलकर जरिए का0 नीलरतन सिंह यादव पीएनओ 152090371 से सीसीटीएनएस पोर्टल पर अंकित कराकर कायम किया गया।

13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)

(2)

4/6

रमाशंकर यादव निवासी निगोह थाना बरसठी ने उनके मोबाइल नंबर पर कॉल कर गाली-गलौज की तथा कहा कि तुम राजेश कुमार यादव के मुकदमे में पैरवी कर रहे हो, तुम्हे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

अधिवक्ता का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी रामबहादुर यादव उर्फ. नाटे ने पूर्व में भी उनके साथ वैमनस्य रखता है और लगातार धमकी देता आ रहा है। अधिवक्ता ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, बरसठी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वन बिहार परिसर में वन्य प्राणी सप्ताह फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रमों की श्रृंखला में वन बिहार परिसर में फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र द्वारा किया गया।





इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी से प्रदर्शनी देखने की अपील की गयी। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपने पर्यावरण को संतुलित नही बनायेंगे तब तक हमारा जीवन पूर्ण रुप से सुरक्षित और संरक्षित नही होगा। वन्य जीव-जन्तु का अस्तित्व किसी न किसी तरह से प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से मानव जीवन से जुड़ा हुआ है। पर्यावरण सन्तुलन हेतु हमे वृहद स्तर पर पौधरोपण करना होगा। हमारे संविधान में भी वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प लिया गया है।

प्रभागीय निदेशक श्रीमती प्रोमिला के द्वारा बताया कि 08 एवं 09 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में वन्य जीवों, पर्यावरण सम्बन्धी जानकारियों जैसे-सर्प, बाँध, सिंह, तेंदुआ, भेड़िया, मगरमच्छ, पक्षियों, वृक्षों, पर्यावरण आदि के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गयी है। जिसमें तेन्दुआ एवं फिसिंग कैट में अन्तर तथा सर्प के काटने पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गयी।

सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा प्रथम बार वन्य जीव एवं प्रकृति से सम्बन्धित फोटो ग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इनमें विशिष्ट चित्रों को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर नेहरू बालोद्यान सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, श्रीमती गुलाबी देवी बालिया इण्टर कालेज, तथा अहिल्या बाई इण्टर कालेज, जौनपुर के लगभग 150 छात्र/छात्रायें एवं शिक्षक उपस्थित रहें।

विद्यालय के छात्र/छात्राओं से संवाद करते हुए जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र भावी पीढ़ी को पर्यावरण एवं वन्य जीवों के प्रति संवेदनशील रहने एवं उनके संरक्षण हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में सहभाग करने का आहवाहन किया। फोटो प्रदर्शनी दिनांक 08 से 09 अक्टूबर 2025 सायं 05:00 बजे तक वन बिहार परिसर जौनपुर में रहेगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, मीनाक्षी देवी, उपायुक्त मनरेगा सुशील कुमार बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, उप प्रभागीय वनाधिकारी सरफराज अहमद, हरिओम श्रीवास्तव, समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहें।

# अपनी कार्यशैली से अमिट छाप छोड़ गए थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, भावभीनी विदाई में नम हुई आंखें

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सेवा ही परम धर्म है, इस वाक्य को अपने आचरण और कार्यशैली से चरितार्थ करने वाले खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय को गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। करीब 11 माह 14 दिन के कार्यकाल में उन्होंने न केवल अपराध पर अंकुश लगाया, बल्कि पुलिस और जनता के बीच भरोसे की नई मिसाल भी कायम की।

थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस कर्मी और नगर के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हर किसी की आंखें नम थीं, जब थानाध्यक्ष रामाश्रय राय को शॉल, पुष्पमाला देकर सम्मानित किया गया।

**अपराध नियंत्रण के साथ जनसेवा को दी प्राथमिकता:** थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने अपने कार्यकाल के दौरान अपराधियों पर कड़ी नजर रखी और कई महत्वपूर्ण मामलों में त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर न सिर्फ गश्त बढ़ाई बल्कि जनता से संवाद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि प्रतिदिन निश्चित समय पर फरियादियों की समस्याएं सुनी जाएं और तत्काल निस्तारण हो।

**जनसहयोग से बनीं नई पुलिस इकाइयाँ:** श्री राय के नेतृत्व में क्षेत्र में चार पुलिस सहायता केंद्र– मानी, गुरैनी, जैगहाँ और कलापुर – तथा एक नई पुलिस चौकी की स्थापना जनसहयोग से की गई। इन इकाइयों ने स्थानीय नागरिकों को नजदीकी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई, जिससे अपराध की रोकथाम और आपात स्थिति में त्वरित हस्तक्षेप संभव हुआ।

**थाना परिसर को दिया नया रूप:** थाना परिसर के



सौंदर्यीकरण और संरचनात्मक विकास में भी उन्होंने विशेष रुचि दिखाई। परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार के सहयोग से पूरा कराया गया। जल-जमाव की समस्या को दूर करने के लिए जलनिकासी व्यवस्था सुधारी गई और इंटरलॉकिंग निर्माण से परिसर को आधुनिक रूप मिला।

**महिलाओं की सुरक्षा और साइबर जागरूकता पर विशेष ध्यान:** थानाध्यक्ष रामाश्रयराय ने मिशन शक्ति अभियान को प्राथमिकता देते हुए महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और आत्मरक्षा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। महिला शिकायतों के निस्तारण को गंभीरता से लिया गया। इसके साथ ही बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए उन्होंने स्थानीय स्तर पर साइबर सेल के गठन में पहल की और जनता को जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन कराया।

**शांतिपूर्ण त्यौहार और बेहतर पुलिस-जनता तालमेल:** उनके कार्यकाल में क्षेत्र में सभी पर्व-त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। समय पूर्व सुरक्षा गश्त, सतर्कता और पुलिस-जनता तालमेल के कारण कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी। यह सब उनके नेतृत्व और दूरदर्शी कार्यशैली का परिणाम रहा।

**विदाई के क्षणों में छलक उठा स्नेह:** समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने ह्लकानून के साथ भरोसाह्व भी दिया। उनका व्यवहार स्नेहपूर्ण था और वे हर व्यक्ति की समस्या को धैर्यपूर्वक सुनते थे। विदाई के क्षणों में जब लोगों ने उन्हें शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया, तो भावनाएं उमड़ पड़ीं।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह,चेयरमैन वसीम अहमद, मन्नान अहमद, कुसुम सिंह एडवोकेट, विक्की गुप्ता, मो0 अमजद, मोनु सभासद, अमान महताब, पीके सिंह, ग्राम प्रधान कृपाशंकर राजभर, रूपेश गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

